**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 24.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कहा– उत्तर प्रदेश भारत की सभ्यतागत और ऐतिहासिक यात्रा को आकार देने में एक मार्गदर्शक शक्ति रहा है।
- नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की एक सौ उनतीसवीं जयंती के उपलक्ष्य में कल पराक्रम दिवस दो हजार छब्बीस का भव्य आयोजन किया गया।
- युवा मामले और खेल मंत्रालय की ओर से केंद्र शासित प्रदेश स्तर की राष्ट्रीय मतदाता दिवस पदयात्रा, 2026 का आयोजन किया जाएगा।
- निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को लापरवाही न बरतने का निर्देश दिया है।

<><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आज द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने इस केन्द्रशासित प्रदेश में रहने वाले सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी है। उन्होनें कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की सभ्यतागत, आध्यात्मिक और ऐतिहासिक यात्रा को आकार देने में एक मार्गदर्शक शक्ति रहा है। पूजनीय शहर, ऐतिहासिक नगर और विश्व प्रसिद्ध विरासत स्थल राष्ट्र की आस्था, संस्कृति और कलात्मक उत्कृष्टता के स्थायी प्रतीक के रूप में खड़े हैं। उपराज्यपाल ने उत्तर प्रदेश के लोगों की उद्यमशीलता, दृढ़ता और सेवा भावना के माध्यम से राष्ट्र के विकास, शक्ति और एकता की सराहना की है, जो वास्तव में एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा यह स्थापना दिवस सद्भाव, गौरव और नए संकल्प को और बढ़ावा दे, क्योंकि हम सब मिलकर प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

<><><><><><><>

संस्कृति मंत्रालय की ओर से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती के उपलक्ष्य में कल पराक्रम दिवस–2026 का आयोजन किया गया। यह आयोजन द्वीप समूह के श्री विजयपुरम सहित देशभर के उन 13 प्रतिष्ठित स्थानों पर किया गया, जो नेताजी के जीवन की यात्रा से जुड़े हैं। मुख्य समारोह नेताजी स्टेडियम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपराज्यपाल, एडमिरल डी.के. जोशी मुख्य अतिथि के रूप में

उपस्थित रहे। उन्होंने मरीना पार्क परिसर में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उनके साथ संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव, विवेक अग्रवाल, प्रशासन के मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार, पुलिस महानिदेशक हरगोबिन्द सिंह धालीवाल और अंडमान निकोबार प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्कृति मंत्रालय सचिव विवेक अग्रवाल ने पराक्रम दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त लेफ्टिनेन्ट आर माधवन और सेवानिवृत्त आर एस छिकारा को सम्मानित किया गया। उत्सव के दौरान ड्रोन शो और मुख्य भूमि से आए प्रसिद्ध कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रसारित किया गया।

<><><><><><><>

श्री मोदी ने कहा कि नेताजी का साहस और वीरता देशवासियों को प्रेरित करते हैं और उनके प्रति मन में सम्मान भर देते हैं।

तीन दिवसीय ये कार्यक्रम कल तक चलेगा। प्रदर्शनी मैदान में आज और कल नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी और भारत के विभिन्न भागों से आए लोक कलाकारों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इस दौरान हस्तशिल्प और खान पान के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। आज नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा द्वारा एक विशेष नाट्य प्रस्तुति दी जाएगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर युवा मामले और खेल मंत्रालय की ओर से केंद्र शासित प्रदेश स्तर की राष्ट्रीय मतदाता दिवस पदयात्रा, 2026 का आयोजन किया जाएगा। कल आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता जागरूकता, नैतिक चुनावी भागीदारी और पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को शामिल करना है। कार्यक्रम कल सुबह सात बजे फ्लैग पॉइंट पर आयोजित किया गया है, जिसमें पदयात्रा को हरी झंडी दिखाई जाएगी। कार्यक्रम में द्वीप समूह के सांसद बिष्णु पद रे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। पदयात्रा फ्लैग पॉइंट, साउथ पॉइंट → RKM जंक्शन → गर्ल्स स्कूल जंक्शन → नारायण चौक → क्लॉक टॉवर (मोड़) → सेलुलर जेल होते हुए वीर सावरकर पार्क में समपन्न होगी। कार्यक्रम में MY भारत और उच्च शिक्षण संस्थानों के NSS स्वयंसेवकों सहित लगभग 500 युवा स्वयंसेवक भाग लेंगे। इस दौरान एक नारा लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई है, जिसमें प्रतिभागियों को

सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता संदेश, शपथ ग्रहण समारोह, पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को पहचानना और युवा स्वयंसेवकों के साथ बातचीत भी शामिल होगी। इस कार्यक्रम का नारा है "मेरा भारत – मेरा वोट"। नए मतदाताओं के पंजीकरण और चुनावी विवरण के अद्यतन को सुविधाजनक बनाने के लिए, चुनाव मशीनरी के समन्वय से कार्यक्रम के दौरान मतदाता सुविधा और जागरूकता सहायता प्रदान की जाएगी।

<><><><><><><>

निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को किसी भी कोताही के मामले में बूथ लेवल अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। निर्वाचन आयोग ने कहा कि ड्यूटी में चूक, लापरवाही, जानबूझकर आयोग के निर्देशों का अनुपालन नहीं करने, या जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम 1960 के प्रावधानों के उल्लंघन के मामलों में निलंबन सहित कड़ी कार्रवाई होगी। पत्र में आगे कहा गया है कि बी.एल.ओ की किसी भी ऐसी चूक से, जिससे मतदाता सूची की प्रामाणिकता या विश्वसनीयता पर असर पड़ता हो, कड़ाई से निपटा जाएगा। आपराधिक दुर्व्यवहार पर एफ.आई.आर भी दायर की जा सकती है।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय की ओर से नेताजी खेल परिसर स्थित खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए विभिन्न पदों पर आवेदन आमंत्रित किया गया है। ये नियुक्तियाँ पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर होंगी, जिसकी अधिकतम अवधि 4 वर्ष के लिए होंगी। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से निदेशालय, खेल और युवा मामले के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। पात्रता मानदंड और आवेदन पत्र विभाग की आधिकारिक वेबसाइट और राज्य पोर्टल पर उपलब्ध हैं। आवेदन 27 जनवरी से 16 फरवरी शाम 5 बजे तक खेल सचिव या खेल निदेशक के पते पर किया जा सकता है।

<><><><><><><>

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की ओर से हाल ही में JNRM में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उद्यमिता संस्कृति को बढ़ावा देना, संभावित उद्यमियों को प्रेरित करना और विभिन्न MSME योजनाओं के तहत उपलब्ध संस्थागत और वित्तीय सहायता के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी देना था। कार्यक्रम में कुल 62 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में

जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पर्ल देवदास और जी.के. सिन्हा ने उद्यमिता और MSMEs के विकास के लिए उपलब्ध विभिन्न सरकारी सहायता और योजनाओं पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

कर्मचारी चयन आयोग स्टेनोग्राफर ग्रेड 'C' और 'D' परीक्षा, 2025 स्किल टेस्ट का आयोजन करने जा रहा है। ये परीक्षा 28 और 29 जनवरी को आयोजित की जाएगी। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के ई–एडमिट कार्ड परीक्षा की निर्धारित तारीख से 3–4 दिन पहले आयोग की वेबसाइट  पर उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

<><><><><><><>